Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-160 सागवाड़ा, शनिवार, 12 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# नवाचार- बेटियां अब हर शनिवार पुलिस थानों का विजिट करेगी

## डूंगरपुर में पुलिस और प्रशासन ने मिलकर एक नवाचार किया



**डूंगरपुर।** बेटियों के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने डूंगरपुर में पुलिस और प्रशासन ने मिलकर एक नवाचार किया है। स्कूलों की बेटियां अब हर शनिवार को पुलिस थानों के विजिट करेगी और थानों में काम कैसे होता है इसे समझेगी साथ ही पुलिस से संवाद कर अपने साथ या आस-पास होने वाले अपराध सम्बन्धी जानकारी भी दे सकेंगी। कार्यक्रम के पहले ही दिन आज जिला कलेक्टर शुभम चौधरी और एसपी सुधीर जोशी कोतवाली थाने पंहुचे। शहर के देवेंद्र गर्ल्स स्कूल की बेटियों ने थानाधिकारी कक्ष, बैरक, कम्प्यूटर रूम, शस्त्रागार को दिखाया। बेटियो ने कलेक्टर, एसपी से कई सवाल-जवाब किए ओर थाने में कैसे कामकाज होता है इसके बारे में जाना। एसपी ने एफआईआर कैसे दर्ज होती है इसके बारे में भी बताया। कलेक्टर शुभम चोधरी ने बेटियों से बात करते हुए कहा कि कई बार बेटियो से गलत व्यवहार होता है। लेकिन डर के कारण बेटियां किसी को कुछ बता नहीं पाती है। ऐसे में बेटियो में डर को दूर करने और पुलिस के कामकाज को समझाने थानों के विजिट करवाया जा रहा है। कलेक्टर ने बेटियो से कहा कि वे पुलिस को अपना दोस्त समझे और उनके साथ किस भी तरह की कोई घटना होती है तो तुरंत पुलिस को बताएं। विजिट के दौरान बेटियों ने कलेक्टर- एसपी से खुलकर बातचीत की। छात्राओं ने कलेक्टर-एसपी के साथ फोटो खिंचवाए ओर सेल्फी ली। एसपी सुधीर जोशी ने कहा कि आज से जिले में मेरी पुलिस-मेरी दोस्त अभियान की शुरुआत कर सभी 16 थानों में एक साथ स्कूलों की बेटियो ने थानों के भ्रमण किया। एसपी ने कहा कि हर शनिवार को इस तरह छात्राओं का विजिट होगा।

# राजस्थान बना देश का सबसे बड़ा सोलर हब

**जयपुर।** राजस्थान पूरे भारत में सोलर एनर्जी प्रोडक्शन में नम्बर-1 बन गया है। ऊंची छलांग लगाते हुए पहले पायदान पर पहुंचकर राजस्थान ने कर्नाटक और गुजरात जैसे सोलर दिग्गज प्रदेशों को काफी दूर पछाड़ दिया है। केन्द्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी के 31 जनवरी, 2022 तक के जारी आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान ने 10 गीगावाट से ज़्यादा सोलर एनर्जी क्षमता विकसित कर कामयाबी हासिल की है। अब देश में सूरज की रोशनी से पैदा होने वाली कुल बिजली में अकेले राजस्थान की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गई है। राजस्थान के एनर्जी डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉर्पोरेशन के चेयरमैन डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया दिसंबर, 2019 में राजस्थान सोलर , विंड एंड हाईब्रिड एनर्जी पॉलिसी जारी की गई। इन दोनों पॉलिसी के कारण प्रदेश में सोल एनर्जी फील्ड का सिनेरियो ही बदल गया। 3 साल में ही साढ़े 6 गीगावाट यानी 6552 मेगावाट से ज़्यादा एडिशनल सोलर एनर्जी कैपेसिटी डवलप की जा चुकी है।

# घाटी बस्ती में पेयजल संकट को दूर करने के लिए पेयजल टंकी का शिलान्यास




**डूंगरपुर।** डूंगरपुर की घाटी बस्ती में पेयजल संकट को दूर करने के लिए पेयजल टंकी का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा थे। विधायक ने कहा कि चुनाव लड़ने से पूर्व लोगों ने प्रचार के दौरान इस टंकी की मांग रखी थी। टंकी निर्माण कभी से शुरू हो जाता लेकिन सरकार बनने के बाद कोरोना के चलते इसमे देरी हुई। विधायक मद से 39 लाख रुपए में ढाई लाख लीटर क्षमता वाली टंकी बनायी जा रही है। शहरवासियों ने मांग रखी कि बस्ती में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आंगनवाडी केंद्र भी बनवाया जाए।

जिस पर विधायक निर्माण जल्द करवाये जाने का आश्वासन दिया। समारोह के बाद पूर्व राज्य मंत्री असरार अहमद, कांग्रेस डूंगरपुर ब्लॉक अध्यक्ष भरत नागदा सहित पार्षदों की मौजदूगी में शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया।

# आचार्य सुनील सागर महाराज से आशीर्वाद लिया

**सागवाड़ा।** ज्ञानकेसरी चतुर्थ पट्टाचार्य, युगश्रेष्ठ राष्ट्रसंत तीर्थ नगरी गिंगला में विराजित आचार्य श्री 108 सुनील सागर महाराज से शनिवार को आचार्य आदिसागर अंकलीकर अंतरराष्ट्रीय महिला जागृति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेरणा शाह एवं परिवारजनों ने आशीष प्राप्त किया। विभिन्न विषयों पर गुरुदेव से चर्चा की। इस दौरान सागवाड़ा में निर्माणाधीन तीर्थ पावापुरी निर्माण कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप गांधी ने गुरुदेव को विस्तृत जानकारी देते हुए निर्माण कार्यों से की प्रगति से अवगत कराया।





# नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह नव कुंडीय गायत्री यज्ञ के साथ शुरू हुआ

**सागवाड़ा।** गलियाकोट रोड पर श्रीराम नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शनिवार को नव कुंडीय गायत्री यज्ञ के साथ शुरू हुआ।

पुष्कर जोन प्रभारी घनश्याम पालीवाल के आचार्यत्व में प्राचार्य सुरेश शर्मा कोटा और उपाचार्य तुलसीराम व्यास के सानिध्य में विधि विधान के साथ यजमानों ने हेमाद्री दस विधि स्नान एवं संकल्प, हनुमानजी की मूर्ति का धान्याधिवास, फलाधिवास और जलाधिवास आदि धार्मिक विधियां की। गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंध ट्रस्टी लक्ष्मीशंकर पाटीदार और जिला समन्वयक भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि रविवार को अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पूजन कर्म के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। वहीं सोमवार को सुबह में नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति, अखंड जाप, भगवान हनुमानजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व शिखर प्रतिष्ठा होगी। जिसका धर्म लाभ राजकुमारी अग्निहोत्री व परिवार कोटा, रेणु राजेंद्र भट्ट खड़गदा, भारती जयेंद्र परमार वलसाड गुजरात, कुलदीप सिंह राणावत साखथली प्रतापगढ़, हरीश चंद्र सोमपुरा सागवाड़ा, बालकृष्ण पंड्या हड़माला, कमलेश व्यास वांदररवेड, ललित पंचाल, कमलेश सिंह राव, धूलजी महाराज और भगवतीशंकर हरसोत परिवार पिंडावल लेंगे। वहीं गायत्री परिवार के ट्रस्ट मंडल के सदस्य, सक्रिय कार्यकर्ता व वरिष्ठ परिजनों के सानिध्य में गायत्री परिवार ट्रस्ट सागवाड़ा का पुनर्गठन रविवार को होगा।

# दो नदी के एनीकट में एक सडी गली लाश पानी मे तैरती मिली

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिला मुख्यालय से उदयपुर को जोड़ने वाले ह॥92। पर स्थित दो नदी के एनीकट में एक सडी गली लाश पानी मे तैरती मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस शव की शिनाख्ती के प्रयास कर रही है। सदर पुलिस के अनुसार दो नदी एनीकट के पानी मे युवक की लाश को देखकर चरवाहों ने इसकी सूचना सरपंच को दी। सरपंच की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुँची तो नदी में शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव काफी पुराना और सड़ा गला होने से दुर्गंध मार रहा था।

वही चेहरा भी काफी हद तक पानी मे डूब हुआ था, ऐसे में मामले की सूचना नगर परिषद को दी गयी। नगर परिषद की टीम ने पहुचकर शव को नदी से बाहर निकलवाया। इधर शव को देखने बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्ती के प्रयास किये लेकिन सफलता हासिल नही हुई।

इस पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी के डीप फ्रीजर में रखवाया है और आसपास के पुलिस थानों में शव के हुलिए व फ़ोटो भेजी गई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम की कार्रवाई शव की शिनाख्त होने और परिजनों के आने के बाद हो सकेगी।

# बेणेश्वर मेले का आगाज

## सांकेतिक रूप से श्रीहरिमंदिर पर परम्परानुसार सप्तरंगी ध्वजारोहण की रस्म के साथ मेले का आगाज हुआ





डूंगरपुर। बेणेश्वर धाम पर कृष्णावतारी संत मावजी महाराज की जयंती पर बेणेश्वर मेले का आगाज हुआ। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण प्रशासनिक गाइड लाइन के अनुसार सांकेतिक रूप से श्रीहरिमंदिर पर परम्परानुसार सप्तरंगी ध्वजारोहण की रस्म के साथ मेले का आगाज हुआ। धाम के महंत अच्युतानंद महाराज ने माव भक्तो के साथ आम्र मोर, पल्लव के साथ विशेष पुजा-अर्चना कर सप्तरंगा ध्वज का पुजन किया। जिसके बाद सप्तरंगा ध्वज को बेणेश्वर के श्रीहरिमंदिर पर फहराकर मेला का शुभारंभ किया। इधर बेणेश्वर का मुख्य मेला 27 फ़रवरी को माघ पूर्णिमा पर आयोजित होगा। इधर कोरोना के चलते इस बार मेला सादगी पूर्ण मनाया जाएगा। कोरोना के चलते इस वर्ष मेला स्थल पर दुकाने , झुले सहित विभिन्न मनोरंजन के स्टॉल नही लगाए गए है ओर नही कोई सांकृतिक कार्यक्रम, खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस वर्ष धाम पर सिर्फ श्रद्धालु देव दर्शन,अपर्ण तर्पण की कर सकेंगे। वही श्रद्धालु की सुरक्षा के चलते धाम पर पुलिस जवान तैनात है।

वही त्रिवेणी जलसंगम में श्रद्धालुओ द्वारा अस्थि विसर्जन के साथ अर्पण, तर्पण का दौर भी बना हुआ है। धाम के शिवालय सहित विभिन्न देवालयो में दर्शनार्थियो की रेलमपेल बनी हुई है। इस मौके पर महंत अत्व्युतानंद ने देश में उमंग उल्लास बने रहने की प्रार्थना की वही समाज में शिक्षा के बढावे के साथ समरसता का पैगाम दिया। साथ ही महंत ने बेणेश्वर मेंला स्थगित होने पर सिर्फ धार्मिक परम्परा के निर्वहन में भक्तों को कोविड 19 के नियमो की पालना करने का संदेश भी दिया।

# बांसिया से धंबोला सड़क की नहीं ली सुध



**सीमलवाड़ा।** बांसिया से धंबोला सड़क खस्ताहाल होने एवं निर्माण की स्वीकृति जारी होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है। वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पूरी तरह से खड्डो में तब्दील हो चुकी है। सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग सीमलवाड़ा अंतर्गत सीमलवाड़ा से मांडली और बांसिया से धंबोला सड़क नवीनीकरण के लिए स्वीकृति जारी की गई है। ठेकेदार से सीमलवाड़ा से मांडली तक कार्य शुरू भी कर दिया है लेकिन धंबोला से बांसिया सड़क को अब तक सुध नहीं ली है। पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार ने बताया कि सड़क निर्माण जल्द शुरू करने को लेकर विभाग को अवगत कराया गया है।

# सांसद कटारा ने संसद में डूंगरपुर -रतलाम-बाँसवाड़ा बड़ी रेल लाईन सहित अन्य मुद्दे प्रमुखता से उठाए

**नई दिल्ली।** बांसवाड़ा-डूंगरपुर के सांसद कनकमल कटारा ने शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के बजट सत्र के प्रथम चरण में बहुत सक्रियता दिखाते हुए डूंगरपुर-रतलाम-बांसवाड़ा बड़ी रेल लाईन के कार्य को शुरु कराने के लिए न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाक़ात की वरन उन्होंने इस मामले को लोकसभा में भी जोरशोर से उठाया।

कटारा ने एक मुलाक़ात में कहा कि मेरे जीवन का यह सपना है कि यह रेल लाईन हर हालात में पूरी हों ताकि दक्षिणी राजस्थान के साथ मध्य प्रदेश और गुजरात का सम्पूर्ण आदिवासी क्षेत्र रेल परिवहन से जुड़े और लोगों को आवागमन, रोज़गार, व्यापार, ओद्धयोगिक उत्पाद लाने ले जाने और पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों तक पहुंचने की सुविधा मिल सके। लोकसभा के शून्य काल में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से आजादी के ।5 वर्षों के बाद भी उनके संसदीय क्षेत्र के बाँसवाड़ा जिले के किसी कोने से रेल नही गुजरती और कई पीढ़ियां रेल की सिटी सुने बिना दुनिया से अलविदा हो गई। कटारा ने कहा कि विकास योजनाओं में राजनीति नही होनी चाहिए और कितना अच्छा होता कि राजस्थान सरकार एम ओ यू की शर्तों के अनुसार अपने हिस्से की राशि दे देती तों यह महत्वाकांक्षी परियोजना कभी की पूर्ण हो जाती और उसकी लागत भी दुगनी नही होती। उन्होंने बताया कि इन विडम्बना पूर्ण परिस्थितियों में ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि यदि राज्य सरकार अपनी हिस्सेदारी नही देती तों भी वे तीनों प्रदेशों की आदिवासी इलाक़ों की जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार से परियोजना की शत प्रतिशत लागत वहन करवा इसका काम तत्काल शुरू करायें अन्यथा और अधिक विलम्ब होने से परियोजना की लागत दिन प्रतिदिन बढ़ती जायेंगी। सांसद कटारा की संसद में आंगनवाड़ी कार्य कर्ताओं और सहायिकाओं को स्थाई करने की मांग सांसद कनकमल कटारा ने देश के दूरदराज क्षेत्रों विशेष कर आदिवासी क्षेत्रों में मामूली मानदेय पर कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्य कर्ताओं और सहायिकाओं को स्थाई किए जाने और आंगनवाड़ी केंद्रों के पुनर्निर्माण की माँग भी उठाई । कटारा लोकसभा के बजट सत्र में इस बार विभिन्न विषयों पर चार बार सदन में बोले और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को रखा। कटारा ने लोकसभा में बजट पर हुई बहस में भी भाग लिया। साथ ही राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा-2021 (रीट) मामले की सी.बी.आई. से जांच कराने की माँग और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी रखें।उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में धर्मान्तरण का मामला उठाया और दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी बहुल क्षेत्र में धर्मान्तरण के प्रयासों को रोकने के लिए ढोस उपाय सुनिश्चत करने की मांग की।

# धंबोला पुलिस थाने में वात्सल्य वार्ता का आयोजन, बालिकाओं को दी कानूनी जानकारी

सीमलवाड़ा। धंबोला पुलिस थाने में शनिवार को वात्सल्य वार्ता का आयोजन किया गया। सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि स्वर्गीय रेवा शंकर पंड्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धंबोला की कक्षा नौवीं से 12वीं की बालिकाओं ने थाना परिसर का भ्रमण किया। एसपी सुधीर जोशी के निर्देशानुसार आयोजित वात्सल्य कार्यक्रम में बालिकाओं से संवाद किया गया वही वात्सल्य वार्ता के दौरान बच्चियों को कानूनी जानकारी, महिला सशक्तिकरण, बाल कानून,यातायात नियमों , सुरक्षित - असुरक्षित स्पर्श, पोस्को एक्ट,

नशावृत्ति की रोकथाम, बाल श्रम के दुष्प्रभाव, बाल विवाह के दुष्प्रभाव तथा साइबर सुरक्षा समेत के बारे में जानकारी दी गई। सीआई भैयालाल आंजना ने बताया कि पुलिस का कार्य कानून की पालना कराना एवं दोषियों को सजा दिलाने का काम है। दोषियों को सजा देने का कार्य न्यायालय करती है। उन्होंने थाना परिसर में बाल कक्षा, कंप्यूटर कक्ष, डेस्क प्रभारी कक्ष, स्वागत कक्ष, अस्त्र शस्त्र कक्ष, हवालात के बारे में भी बालिकाओं को जानकारी दी।

बालिकाओं ने भी बड़े उत्साह के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली को देखा एवं परखा। वही बालिकाओं ने कहा की पुलिस के प्रति नकारात्मक सोच पाले हुए थी लेकिन आज वात्सल्य वार्ता के तहत पुलिस की कार्यप्रणाली को देख पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच बनी है। एएसआई गोविंद सिंह ने भी बालिकाओं को जानकारी देकर बताया कि मोबाइल से दुष्प्रभाव बढ़ रहे हैं ऐसे में मोबाइल का उपयोग शिक्षण कार्य के हित में करना चाहिए। वात्सल्य वार्ता के दौरान कक्षा 11 वी की छात्रा रागिनी चुंडावत को कुछ देर के लिए थानाधिकारी बनाया जिसको थानाधिकारी की जवाबदेही से रूबरू कराया।

प्रिंसिपल रमेश चंद्र रोत ने बताया कि जिला कलेक्टर डूंगरपुर एवं पुलिस अधीक्षक डूंगरपुर की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार जिले की नवाचारी योजनान्तर्गत जिले के पुलिस थानों पर बालिकाओं को विजिट करवाकर बालिका सुरक्षा,लैंगिक उत्पीड़न की जानकारी वृत निरीक्षक धम्बोला भैयालाल आंजना एवं संस्थाप्रधान रमेश चंद्र रोत, सुनील पंडया, महेंद्र कलासुआ, मंजुला रोत, दिव्या पंचाल, विश्राम बरंडा के तत्वाधान में पुलिस थाना धम्बोला का विजिट करवाकर बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी।